	राजस्थान राजपत्र विशेषांक	RAJASTHAN GAZETTE Extraordinary
सत्यमेव जयते	साअधिकार प्रकाशित	*Published by Authority*
	आश्विन 30, मंगलवार, *शाके* 1941–अक्टूबर 22, 2019 *Asvina 30, Tuesday, Saka 1941–October 22, 2019*	

भाग-1(ख)

महत्त्वपूर्ण सरकारी आज्ञाएँ

जल संसाधन विभाग

विज्ञप्ति

जयपुर, अगस्त 22, 2019

संख्याः 41/भू.अ./ज.सं./2015/2269-2272: चूंकि राज्य सरकार को ऐसा प्रतीत होता है कि राज्य व्यय पर सार्वजनिक प्रयोजनार्थ पाठेला नाले के री-सेक्शनिंग एवं री-ग्रेडिंग के कार्य में छूटे हुए खसरा न. 662 की 0.0488 हैक्टयर (5250 वर्ग फीट) भूमि को अवाप्ति किया जाना आवश्यक है। यह विज्ञप्ति किया जाता है कि नीचे वर्णित इलाकों की भूमि की उक्त प्रयोजनार्थ आवश्यकता है। अतः यह विज्ञप्ति भूमि अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 की धारा 11-12 के अनुसार उन सब हितकारियों के निमित्त जारी की जाती है जिनका इससे संबध है।

उक्त धारा में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य सरकार उन समस्त अधिकारियों को, जिनका इससे संबध है, को कुछ समय के लिए अपने सेवकों एवं श्रमिकों सहित उस क्षेत्र में प्रवेश करने, सर्वेक्षण करने तथा वे सब कार्य करने हेतु अधिकृत करती है, जो उक्त धारा में दर्शाये गये है।

कोई हितकारी व्यक्ति जिसे निम्नांकित क्षेत्र की किसी भूमि के अवाप्त करने के सम्बन्ध में कोई आपत्ति हो तो वह उक्त विज्ञप्ति के राजपत्र में प्रकाशन होने के 60 दिन के अन्दर आपत्ति लिखित में भूमि अवाप्ति अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी), बारां को प्रस्तुत कर सकता है।

विवरण

बारां शहर बाढ़ बचाव योजना के अन्तर्गत पाठेड़ा नाले के री-सेक्शनिंग एवं री-ग्रेडिंग के निर्माण कार्य के लिए भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन मे उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 (संशोधित 2016) के तहत अवाप्त छूटे खसरे हेतु धारा 11 व 12 के प्रस्ताव

तहसील-बारां जिला-बारां

क्र0 सं0	नाम खातेदार	खसरा नम्बर	कुल क्षेत्रफल हेक्टयर	भूमि वर्गीकरण	अवाप्त योग्य रकबा	विशेष विवरण

			में		हेक्टयर में	
	ग्राम सुसावन - तहसील बारां					
1	सुनील नागर पुत्र श्री चतुर्भुज नागर, धर्मेन्द्र नागर पुत्र श्री दीनदयाल नागर, रामहेत मीणा पुत्र श्री मोहनलाल मीणा व देवकशिन पुत्र श्री दीनदयाल नागर, बारां (नगर परिषद् बारां)	662	2.61	आवासीय	0.0488 (5250 Sq. Feet)	नगर परिषद् बारां से रजिस्ट्रीशुदा
	योग –		2.61		0.0488 (5250 Sq. Feet)	

बारां शहर बाढ़ बचाव योजना के अन्तर्गत पाठेड़ा नाले के री-सेक्शनिंग एवं री-ग्रेडिंग निर्माण कार्य में अवाप्त छूटे खसरे का प्रस्तावित गोश्वारा

क्र0 सं0	राजस्व ग्राम	कुल खसरा संख्या	कुल भूमि (हे0)	अवाप्त की जाने वाली भूमि		
				राजस्व भूमि (हे0)	निजी भूमि (हे0)	कुल भूमि (हे0)
1	सुसावन	1	2.61	0.00	0.0488	0.0488
	योग	1	2.61	0.00	0.0488	0.0488

जितेन्द्र दीक्षित
उप सचिव एवं प्रावै. सहायक
वास्ते मुख्य अभियन्ता, जल संसाधन
राजस्थान, जयपुर

राज्य केन्द्रीय मुद्रणालय, जयपुर।